18/7/19

Ch-9 परिवहन एवं संचार (इकाई 5)
Transportation and Communication)

Q1. परिवहन और संचार किसे कहते हैं? इसके महत्त्व को लिखे।

Ans परिवहन उस विधि या व्यवस्था को कहते हैं, जो कि व्यक्तियों, वस्तुओं एवं सन्देशों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाते हैं।

संचार मानव जीवन के लिए अत्यावश्यक है। वर्तमान समय में कोई भी व्यक्ति एक-दूसरे से बातचीत किये बिना नहीं रह सकता है। पहले लोगों के बीच सम्पर्क बहुत कम होता था ~~अ~~ और वह भी एक-दूसरे के आमने-सामने होने पर ही हो पाता था। अब अधिकतर लोग संचार माध्यमों का उपयोग करते हैं। हम संचार युग में रहते हुए टेलीफोन, टेलीविजन, इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हैं। इन साधनों ने विश्व को बहुत छोटा कर दिया है। संचार प्रणाली में प्रथम महत्वपूर्ण आविष्कार दूरसंचार था।

वर्तमान औद्योगिक युग में माँग एवं पूर्ति में संतुलन स्थापित करने में परिवहन एवं संचार का महत्वपूर्ण स्थान है। परिवहन वस्तुओं और व्यक्तियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक वहन करने की सेवा और सुविधा को कहते हैं जिसमें मनुष्यों, पशुओं तथा विभिन्न प्रकार की गाड़ियों का प्रयोग किया जाता है।

Scanned with CamScanner

~~18/7/19~~ 19/7/19

2) जल मार्ग (Water Transportation) – जल यातायात मनुष्यों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला प्राचीनतम साधन है। पुराने जमाने में यात्रियों और सामानों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने के लिए जल यातायात का प्रयोग किया जाता था जिसमें नदियाँ, झीलें, समुद्र आदि शामिल हैं जलमार्ग मुख्यता हम दो भागों में विभाजित करते हैं।

i) महासागरीय जलमार्ग oceanic waterways
ii) ~~जल~~ आंतरिक जलमार्ग (Inland Waterways)

i) महासागरीय जलमार्ग – महासागरीय जलमार्ग बहुत ही सस्ता और सुविधा जनक पड़ता है सामानों को लाने और ले जाने के लिए कम ~~खर~~ खर्च होता है, साथ ही साथ बड़े – बड़े सामानों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाया जा सकता है। विश्व में कुछ महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग हैं जिनका व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है।

a) उत्तरी अटलांटिक मार्ग (North Atlantic Oceanic Route)
b) भू-मध्य सागर तथा हिंद महासागर मार्ग (Mediterranean Suez and Indian Ocean Route)
c) स्वेज मार्ग [Suez (Canal) Route]
d) आशा अंतरीप मार्ग
e) दक्षिणी अटलांटिक मार्ग (South Atlantic Oceanic Route)
f) उत्तरी प्रशान्त मार्ग (North Pacific Route)
g) दक्षिणी प्रशान्त मार्ग (South Pacific Route)
h) पनामा नहर (Panama Canal)

19/7/1

Scanned with CamScanner

18/7/19

आविष्कार के बाद आयी, सम्भवतः प्रथम सार्वजनिक रेलमार्ग 1825 में उत्तरी इंग्लैण्ड के स्टॉकटन और डर्लिंगटन स्थानों के मध्य प्रारम्भ हुआ और इसके बाद से ही रेलमार्ग 19वीं शताब्दी में परिवहन के सर्वाधिक लोकप्रिय और तीव्रतम प्रकार बन गए।

i) सड़क मार्ग (Road Transportation) – सामान्य रूप से भूए पृथ्वी तल पर परिवहन के लिए बनाये गये मार्गों को सड़क कहते हैं। सड़कें वस्तुतः मानव द्वारा स्थल पर बनाये गए मार्ग हैं। ऐसे मार्ग कठोर व समतल होते हैं। इन मार्गों पर मानव, पशु तथा विभिन्न गाड़ियों का अधिक शीघ्रता से एवं निरन्तर आना – जाना सम्भव है। अत्यन्त प्राचीनकाल में परिवहन का पगडण्डियों से ही प्रारम्भ हुआ होगा। किन्तु धीरे – धीरे अनेक बाधाओं को पार कर मनुष्य ने पगडण्डियों के स्थान पर चौड़ी पक्की सड़कों का निर्माण कर लिया। ये सड़के कंकड़, पत्थर, तारकोल, कोयला, सीमेन्ट आदि के द्वारा बनायी जाती हैं।

ii) रेल मार्ग (~~Road~~ Rail Transport) – विश्व में रेलों का विकास 19वीं सदी के मध्य से माना जाता है। विश्व के पहले रेलमार्ग का निर्माण सन 1835 में इंग्लैण्ड में हुआ था। यहाँ पहली रेलगाड़ी मानचेस्टर से लिवरपूल के बीच चली। इस रेल के चालक उसके निर्माण स्वयं जार्ज स्टीफेंसन थे एवं इसकी सवारियों में इंग्लैण्ड की महारानी एवं अनेक उच्च राजनेता थे। रेलमार्गों के निर्माण से विश्व के सभी देशों में बड़ी प्रगति हुई है।

Scanned with CamScanner

19/7/19

a) उत्तरी अटलांटिक मार्ग (North Atlantic R Oceanic Route)
– उत्तरी अटलांटिक मार्ग पश्चिमी यूरोप और
यह रास्ता विश्व के सबसे विकसित
क्षेत्रो को संपर्क बनाता है, साथ ही साथ यह
बहुत ही व्यस्त मार्ग है, विश्व में पाए जाने वाले
55 बड़े बंदरगाहो में से 28 बंदरगाह इसी मार्ग
पर पाए जाते है।
इसी रास्ते के द्वारा यूरोप के वस्त्र,
रासायन, मशीने, उर्वक, इस्पात और शराब अमेरिका
और कनाडा को निर्यात किया जाता है।

b) भूमध्य सागर तथा हिंद महासागर मार्ग (Mediterranean Suez and Indian Ocean Route) – यह रास्ता
पश्चिम में यूरोप के विकसित देशों को पूर्वी अफ्रीका,
दक्षिणी एशिया, भूमध्य सागर, लाल सागर और
हिंद महासागर के द्वारा मिलाता है। पश्चिम कि
ओर से आने वाले कपास, रबड़, चाय, केहवा,
खनिज तेल, इस मार्ग पर महत्त्वपूर्ण
पत्तन (Port) स्वेज, अदन, मुम्बई, कोची, कोलम्बो
और सिंगापुर आदि सम्मिलित है।

c) स्वेज नहर (Suez Canal) – स्वेज नहर जलडमरूमध्य को काटकर किया गया है। इसको बनाने
का काम 1854 में एक फ्रांसीसी इंजीनियर फर्दीनन्द
-दे-लेपेस को सौंपा गया और यह नहर
1869 में बनकर तैयार हो गई इसकि
लम्बाई 168 कि.मी. और औसत गहराई
1,615 मीटर और अधिकतम चौड़ाई 365

Scanned with CamScanner

(2) Page No.: Date: / /

18/7/19 18/7/19

संचार मानव जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है। ~~थे~~ लम्बी दूरियों के संचार मनुष्य ने अनेक विधियों का प्रयोग किया जिसमें से टेलीग्राफ और टेलीफोन महत्वपूर्ण थे। टेलीग्राफ पश्चिम में अमेरिका के उपनिवेशवाद का साधन बना। वास्तव में टेलीफोन अमेरिका के नगरीयकरण का एक क्रान्तिक कारक ~~ब~~ बना। विकासशील देशों में उपग्रह द्वारा सम्भव बनाया गया सेलफोन का प्रयोग ग्रामीण सम्पर्क के लिए महत्वपूर्ण है।

Q2. परिवहन के माध्यमों को विस्तार पूर्वक लिखे।

Ans ~~परिवहन के माध्यम अनेक प्र~~

परिवहन के माध्यम अनेक प्रकार के होते है —

1) स्थल परिवहन (Land Transportation)
   i) सड़क मार्ग (Road Transport)
   ii) रेल मार्ग (Rail Transport)
2) जल परिवहन (Water Transportation)
3) वायु परिवहन (Air Transportation)

1) स्थल परिवहन (Land Transportation) — अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं का अधिकांश संचलन स्थल पर होता है। आरम्भिक दिनों में मानव स्वयं वाहक थे। बाद के वर्षों में पशुओं का उपयोग बोझा ढोने के लिए किया जाने लगा। पहिये के आविष्कार के साथ गाड़ियों और माल ~~डिब्बे~~ डिब्बों का प्रयोग महत्वपूर्ण हो गया। परिवहन में क्रान्ति 18 वीं शताब्दी में भाप के इंजन के

Scanned with CamScanner